Ajit 9-4-26

# ਐਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ 'ਚ 'ਪ੍ਰੀਸਮਾਂ-2026' ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੌਰਾਨ ਫੈਸ਼ਨ ਸ਼ੋਅ ਦੀ ਰਹੀ ਧੂਮ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 8 ਅਪ੍ਰੈਲ (ਮਾਰਕੰਡਾ)- ਐਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ ਫੈਸ਼ਨ ਡਿਜ਼ਾਈਨਿੰਗ ਵਿਭਾਗ ਨੇ ਕਲੱਬ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ 'ਪ੍ਰੀਸਮਾਂ-2026' ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ। ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਵਿਰਾਸਤੀ ਸ਼ਿਲਪਕਾਰੀ, ਆਧੁਨਿਕ ਨਾਰੀਵਾਦ, ਆਰਕੀਟੈਕਚਰ, ਕੁਦਰਤ ਅਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਸੰਯੋਜਨ ਵਰਗੇ ਉਦੇਸ਼ਾਂ ਤੋਂ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਨਵੀਨਤਾਕਾਰੀ ਸੰਗ੍ਰਹਿ ਦੀ ਇਕ ਵਿਭਿੰਨ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ। ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਆਸ਼ੂਤੋਸ਼ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਇਕ ਪ੍ਰੇਰਨਾਦਾਇਕ ਭਾਸ਼ਣ ਦਿੱਤਾ। ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਵਿਚ ਸਰਬੋਤਮ ਇਨਾਮ ਖੁਸ਼ੀ ਗਰਗ ਅਤੇ ਮੁਸਕਾਨ, ਸਰਬੋਤਮ ਵਪਾਰਕ ਇਨਾਮ ਕਰਨ ਦਾਸ ਬਾਵਾ, ਸਰਬੋਤਮ ਪ੍ਰੀਸੀਜ਼ਨ ਇਨਾਮ ਭੂਮੀ, ਪੂਨਮ ਅਤੇ ਕਸ਼ਿਸ਼, ਸਰਬੋਤਮ ਡਿਜ਼ਾਈਨ ਨੰਦਿਨੀ ਅਤੇ ਕਮਲੇਸ਼, ਸਰਬੋਤਮ ਸਟਾਈਲਡ ਇਨਾਮ ਕ੍ਰਿਸ਼, ਸਰਬੋਤਮ ਸਟਾਈਲਡ ਇਨਾਮ ਕਿਰਨ, ਸਰਬੋਤਮ ਔਰਤ ਮਾਡਲ ਵਿਚੋਂ ਪਹਿਲਾ ਇਨਾਮ ਮਨੀ ਕੌਰ ਬੀ.ਕਾਮ ਪਹਿਲਾ ਸਾਲ ਅਤੇ ਰਿਧੀ ਬਾਂਸਲ ਬੀ.ਸੀ.ਏ ਦੂਜਾ ਸਾਲ, ਸਰਬੋਤਮ ਪੁਰਸ਼ ਮਾਡਲ ਵਿਚੋਂ ਪਹਿਲਾ ਇਨਾਮ ਅਨਮੋਲ ਬੀ.ਵੋਕ (ਮੀਡੀਆ ਅਤੇ ਮਨੋਰੰਜਨ) ਤੀਜਾ ਸਾਲ, ਕੰਸੋਲੇਸ਼ਨ ਪੁਰਸਕਾਰ ਪਾਹੂਜਾ ਨੇ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕੀਤਾ। ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਅਜੈ ਸ਼ਰਮਾ ਅਤੇ ਕਨਵੀਨਰ ਡਾ. ਸੁਮਿਤਾ ਸਿੱਕਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੀ ਸਮਾਪਤੀ ਹੋਈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕੋਰ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਆਸ਼ੂਤੋਸ਼ ਸ਼ਰਮਾ, ਡਾ. ਇੰਦੂ ਮਹਿਤਾ, ਡਾ. ਰਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ, ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਲੈਫਟੀਨੈਂਟ ਰਿਤਿਕਾ ਸਿਨਹਾ, ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਤਾਨੀਆ ਸ਼ਰਮਾ, ਏਕਤਾ ਧੀਮਾਨ, ਦੀਕਸ਼ਿਤਾ ਚੌਹਾਨ, ਰੁਪਾਲੀ ਜਿੰਦਲ ਅਤੇ ਮਨਜੋਤ ਕੌਰ ਨੇ ਵੀ ਸਫਲ ਸੰਗਠਨ ਵਿਚ ਸਰਗਰਮ ਭੂਮਿਕਾ ਨਿਭਾਈ।



ਐਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ ਵਿਖੇ 'ਪ੍ਰੀਸਮਾਂ-2026' ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੌਰਾਨ ਕਰਵਾਏ ਫੈਸ਼ਨ ਸ਼ੋਅ 'ਚ ਹਿੱਸਾ ਲੈਂਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀ। ਤਸਵੀਰ : ਗੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ

# विद्यार्थियों ने रैंप पर दिखाया फैशन का जलवा

## एसडी कॉलेज के स्टूडेंट्स ने डिजाइनों से मोहा दिल, परंपरा और आधुनिकता का रहा संगम

माई सिटी रिपोर्टर

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में आयोजित प्रिज्मा 2026 फैशन शो में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, नवाचार और फैशन कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा ट्रेंड्समोदा क्लब के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बी.वोक फैशन टेक्नोलॉजी एवं अपैरल डिजाइन और बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रीन वेलकम सेरेमनी के साथ हुई।

फैशन शो में प्रस्तुत कलेक्शन्स ने विविध विषयों को रचनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया। विरासत शिल्प, आधुनिक नारीत्व, वास्तुकला, प्रकृति और सांस्कृतिक समन्वय जैसे विषयों पर आधारित परिधानों में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।



प्रिज्मा 2026 फैशन शो में रैंप वॉक करते विद्यार्थी। संवाद

विद्यार्थियों ने डिजाइन, टेक्सचर, रंग संयोजन और स्टाइलिंग के माध्यम से अपने कौशल और कल्पनाशीलता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. नेहा मिगलानी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि फैशन केवल परिधान नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति और पहचान का माध्यम है।

### इन प्रतिभागियों को किया सम्मानित

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बेस्ट क्राफ्ट रिवाइवल कलेक्शन का पुरस्कार खुशी गर्ग और मुस्कान को मिला, जबकि बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन के लिए करण दास बावा को सम्मानित किया गया। बेस्ट प्रिसीजन सिल्हूट का खिताब भूमि, पूनम और कशिश को मिला, जबकि बेस्ट डिजाइन्ड कलेक्शन के लिए जाह्नवी, नंदिनी और कमलेश को पुरस्कृत किया गया। मॉडलिंग श्रेणी में मनी कौर और रिद्धि बंसल को बेस्ट फीमेल मॉडल तथा अनमोल को बेस्ट मेल मॉडल का पुरस्कार दिया गया।

Arth Parkash 9-4-26

# फैशन शो में दिखा परंपरा और आधुनिकता का संगम

## रचनात्मकता के रंगों से सजा फैशन शो प्रिज्मा 2026, रैंप पर उतरी कल्पना और कौशल की चमक

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से कॉलेज के ट्रेंड्समोदा क्लब के सहयोग से फैशन शो प्रिज्मा 2026 का आयोजन किया गया। यह फैशन शो रचनात्मकता, शिल्प कौशल और नवाचार का अनूठा संगम बना, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इस फैशन शो में बी.वोक फैशन टेक्नोलॉजी एवं अपैरल डिजाइन तथा बीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रैंप पर प्रस्तुत किए गए परिधानों में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर मेल देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





कार्यक्रम की शुरुआत 'ग्रीन वेलकम' सेरेमनी के साथ हुई जिसके बाद कॉलेज के रजिस्ट्रार आशुतोष शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन दिया। वहीं, वंदना की सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम में गरिमा और सांस्कृतिक रंग भर दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर आधारित नवाचारी कलेक्शन्स प्रस्तुत किए। इन कलेक्शन्स में विरासत शिल्प, आधुनिक नारीत्व, वास्तुकला, प्रकृति और सांस्कृतिक समन्वय जैसे विषय प्रमुख रहे, जिनमें परंपरा और आधुनिकता का प्रभावशाली मेल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। बेस्ट क्राफ्ट रिवाइवल कलेक्शन का पुरस्कार रिनासिता नोयर के लिए खुशी गर्ग और मुस्कान को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन का पुरस्कार ब्लूलिनिया के लिए करण दास बावा को सम्मानित किया गया। बेस्ट प्रिसीजन सिल्हूट का खिताब रंग रीफ के लिए भूमि, पूनम और कशिश को मिला। बेस्ट डिजाइन्ड कलेक्शन के लिए शी वेयर्स मैनी वर्ल्ड्स हेतु जाह्नवी, नंदिनी और कमलेश को पुरस्कृत किया गया। वहीं, बेस्ट स्टाइल्ड कलेक्शन की श्रेणी में द ब्रूटलिस्ट फ्रेम के लिए कृष तथा ईस्टसाइड वेस्टसाइड के लिए पिया और किरण को सम्मान मिला। मॉडलिंग श्रेणी में मनी कौर (बी.कॉम प्रथम वर्ष) और रिद्धि बंसल (बीसीए द्वितीय वर्ष) को बेस्ट फीमेल मॉडल का पुरस्कार दिया गया, जबकि अनमोल (बी.वोक मीडिया एंड एंटरटेनमेंट तृतीय वर्ष) ने बेस्ट मेल मॉडल का खिताब हासिल किया।

Deinik Savera Times 9-4-26

# एसडी कॉलेज में आयोजित फैशन शो में दिखा परंपरा और आधुनिकता का संगम



मॉडलिंग करते हुए छात्र।

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 8 अप्रैल : जीजीडीएसडी कालेज सैक्टर 32 के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से कॉलेज के ट्रेंड्ससमोदा क्लब के सहयोग से फैशन शो प्रिज्मा 2026 का आयोजन किया गया। यह फैशन शो रचनात्मकता, शिल्प कौशल और नवाचार का अनूठा संगम बना, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इस फैशन शो में बी.वोक फैशन टेक्नोलॉजी एवं अपैरल डिजाइन तथा बीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रैंप पर प्रस्तुत किए गए परिधानों में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर मेल देखने को मिला। इन कलेक्शन्स में विरासत शिल्प, आधुनिक नारीत्व, वास्तुकला, प्रकृति और सांस्कृतिक समन्वय जैसे विषय प्रमुख रहे, जिनमें परंपरा और आधुनिकता का प्रभावशाली मेल देखने को मिला।




मॉडलिंग करते हुए छात्र।

कार्यक्र म का समापन विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

बेस्ट क्राफ्ट रिवाइवल कलेक्शन का पुरस्कार रिनासिता नोयर के लिए खुशी गर्ग और मुस्कान को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन का पुरस्कार ब्लूलिनिया के लिए करण दास बावा को सम्मानित किया गया। बेस्ट प्रिसीजन सिल्हूट का खिताब रंग रीफ के लिए भूमि, पूनम और कशिश को मिला। बेस्ट डिजाइन्ड कलेक्शन के लिए शी वेयर्स मैनी वर्ल्ड्स हेतु जाह्नवी, नंदिनी और कमलेश को पुरस्कृत किया गया। वहीं, बेस्ट स्टाइल्ड कलेक्शन की श्रेणी में द ब्रूटलिस्ट फ्रेम के लिए कृष तथा ईस्टसाइड वेस्टसाइड के लिए पिया और किरण को सम्मान मिला।

मॉडलिंग श्रेणी में मनी कौर बी.कॉम प्रथम वर्ष और रिद्धि बंसल बीसीए द्वितीय वर्ष को बेस्ट फीमेल मॉडल का पुरस्कार दिया गया, जबकि अनमोल बी.वोक मीडिया एंड एंटरटेनमेंट तृतीय वर्ष ने बेस्ट मेल मॉडल का खिताब हासिल किया। इसके अलावा फ्लेम टू फ्लो के लिए श्रेया पाहूजा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नेहा मिगलानी, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक, द लाइफस्टाइल जर्नलिस्ट मैगजीन तथा निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्हें फैशन के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम तलाशने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। कोर कमेटी के सदस्य आशुतोष शर्मा, डॉ. इंदु मेहता, डॉ. राजिंदर सिंह मान, विरंदर कुमार और लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा ने आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं, आयोजन समिति की सदस्य तान्या शर्मा, एकता धीमान, दिक्षिता चौहान, रुपाली जिंदल और मनजोत कौर तथा ट्रेंड्ससमोदा क्लब की टीम ने कार्यक्र म की सफलता के लिए अथक मेहनत की।

Divya Himachal 9-4-26

उत्साह

## सेक्टर-32 में स्टूडेंट्स ने धूमधाम से मनाया फैशन शो 'प्रिज्मा', दिखाया टेलेंट

# एसडी कालेज में छात्रों का रैंपवॉक

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से कॉलेज के ट्रेंड्समोदा क्लब के सहयोग से फैशन शो प्रिज्मा 2026 का आयोजन किया गया। यह फैशन शो रचनात्मकता, शिल्प कौशल और नवाचार का अनूठा संगम बनाए जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इस फैशन शो में बीवोक फैशन टेक्नोलॉजी एवं अपैरल डिजाइन तथा बीए के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रैंप पर



प्रस्तुत किए गए परिधानों में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर मेल देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रीन वेलकम सेरेमनी के साथ हुई, जिसके बाद कॉलेज के रजिस्ट्रार आशुतोष शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन दिया। वहीं, वंदना की सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम में गरिमा और सांस्कृतिक रंग भर दिए। कार्यक्रम का समापन विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को



चंडीगढ़। फैशन शो प्रिज्मा के दौरान रैंप पर प्रतिभा

सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। बेस्ट क्राफ्ट रिवाइवल कलेक्शन का पुरस्कार रिनासिता नोयर के लिए खुशी गर्ग और मुस्कान को प्रदान किया गयाएं जबकि बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन का पुरस्कार ब्लूलिनिया के लिए करण दास बावा को सम्मानित किया गया। बेस्ट प्रिसीजन सिल्हूट का खिताब रंग रीफ के लिए भूमि, पूनम और कशिश को मिला। बेस्ट डिजाइंड कलेक्शन के लिए शी वेयर्स मैनी वर्ल्ड्स हेतु जाह्नवी, नंदिनी और कमलेश को पुरस्कृत किया गया। मॉडलिंग श्रेणी में मनी कौर और रिद्धि बंसल को बेस्ट फीमेल मॉडल का पुरस्कार दियां गया।

Punjab Kesari 9-4-26

# फैशन शो में दिखा परंपरा और आधुनिकता का संगम

## गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में हुआ फैशन शो प्रिज्मा 2026 का आयोजन




*कालेज की छात्राएं फैशन शो में हिस्सा लेती हुईं।* (राणा)

चंडीगढ़, 8 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से कॉलेज के ट्रेंड्समोदा क्लब के सहयोग से फैशन शो प्रिज्मा 2026 का आयोजन किया गया।

फैशन शो में बी.वोक फैशन टैक्नोलॉजी एवं अपैरल डिजाइन तथा बी.ए. के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रैंप पर प्रस्तुत किए गए परिधानों में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर मेल देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत ग्रीन वेलकम सैरेमनी के साथ हुई, जिसके बाद कॉलेज के रजिस्ट्रार आशुतोष शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन दिया। वंदना की सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम में गरिमा और सांस्कृतिक रंग भर दिए। इन कलैक्शन्स में विरासत शिल्प, आधुनिक नारीत्व, वास्तुकला, प्रकृति और सांस्कृतिक समन्वय जैसे विषय प्रमुख रहे, जिनमें परंपरा और आधुनिकता का प्रभावशाली मेल देखने को मिला। कार्यक्रम प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुमिता सिक्का द्वारा किया गया।